तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 17.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 25 अक्टूबर 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

खबर संक्षेप

चौकीदार के घर चोरी

महासमुंद। पीडब्लूडी महासमुंद के चौकीदार के खैरा स्थित घर से जेवरों व मोबाइल की चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को गोपाल तंबोली ने बताया कि वह पीडब्लूडी महासमुंद में चौकीदार है और 21 अक्टूबर की शाम 5.30 बजे वार्ड नं. 10 खैरा स्थित अपने घर में ताला बंद करके ड्यूटी करने ऑफिस महासमुंद आया। रात लगभग 9 बजे खाना खाने के लिए घर गया तो देखा कि मुख्य दरवाजे की कुंडी टूटी हुई थी। वहीं बेडरूम के दरवाजे में लगा ताला टूटा हुआ था। बिस्तर उठाकर देखने पर उसके नीचे रखा पुरानी इस्तेमाली एक नग सोने की चेन कीमत 65000 रुपए, एक नग सोने का लॉकेट कीमत 3000 रुपे , एक नग सोने की अंगूठी कीमत 22000 रुपए व एक नग पुराना की पैड मोबाईल कीमत 500 रुपए कुल 90,500 रुपए की चोरी किसी अज्ञात व्यक्ति ने कर ली। मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

राइस मिल में चोरी

महासमुंद। ग्राम मेमरा स्थित राइस मिल के ऑफिस में हुई चोरी के मामले में रिपोर्ट पर पिथौरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पिथौरा पुलिस को श्रीराम राईस मिल ग्राम मेमरा के कैलाशचंद अग्रवाल पिता किशनलाल अग्रवाल (45 वर्ष) ने बताया कि 19 अक्टूबर की रात्रि करीबन 07 बजे वह राइस मिल बंद करके घर आया था। जब वह 21 अक्टूबर को दोपहर 01 बजे राइस मिल जाकर देखा कि आलमारी का लॉकर टूटा था, उसमें रखी नगद रकम 1,25,000 रुपए , 1 चांदी का सिक्का 10 ग्राम कीमत लगभग 1000 रुपए व सीसीटीवी कैमरे का हार्डडिस्क एनवीआर एवं 2नग पीओए स्वीच 8 पार्ट का कीमत लगभग 10,000 रुपए कुल 1,36,000 रुपए की किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी क ली। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

महिला के साथ मारपीट

महासमुंद। ग्राम नरसिंगपुर की एक महिला के साथ उसके पति, सास और ननदों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। ग्राम नरसिंगपुर की सुवर्णा बारिक अपने बेटे शौर्य बारिक एवं बेटी संस्कृति बारिक के साथ ग्राम नरसिंगपुर के एक अन्य मकान में रहती है। 22 नवंबर को सुबह वह अपने बेटे शौर्य के साथ सामान खरीदने दुकान जा रही थी, करीबन 07 बजे वह अपने पति दिवाकर बारिक के घर के सामने पहुंची थी, तभी घर के सामने मेरी बड़ी ननद सविता साहू ने उसे देखकर मेरे भैया के बनाये हुए घर में रह रही है कहते हुए गाली गलौज करने लगी। आवाज को सुनकर उसके पति दिवाकर बारिक, ननद सुनिता प्रधान, सास भूमिसुता बारिक घर के बाहर आये और एक राय होकर गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। मारपीट करने से बांए हाथ, सिर, पीट व दाहिने पैर में चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

खेमड़ा में मारपीट

महासमुंद। ग्राम खेमड़ा में पुरानी बात को लेक एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में तीन लोगों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। कोमाखान पुलिस को तोरनलाल धृतलहरे ग्राम खेमड़ा ने बताया कि 22 अक्टूबर को रात्रि करीबन 9 बजे गांव के आंगनबाड़ी के पास रावण दहन का कार्यक्रम चल रहा था, वह अपने दोस्त कन्हैया लाल बघेल के साथ खड़े होकर बातचीत कर रहा था, उसी समय गांव के हिरेंद्र दीवान, हरि पाडे एवं चैतू पाडे पुरानी बात को लेकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे।

मानदेय नहीं मिलने के चलते जिले में पानी की जांच का लक्ष्य पिछड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

808 गांवों से 6100 सैंपल लेना शेष, मार्च तक लक्ष्य पूरा करने की तैयारी

पेयजल की गुणवत्ता जांचने की प्रक्रिया के तहत जिले के 1119 गांवों से कुल 9300 पानी के सैंपल लिए जाने का लक्ष्य था। जिसमें से अब तक केवल 3200 सैंपल ही एकत्र हो पाए हैं। बता दें मानदेय नही मिलने के कारण कई महिला समूहों ने जांच के इस कार्य से पल्ला झाड़ लिया। अब विभाग द्वारा महिलाओं को दोबारा प्रशिक्षण दिए जाने की तैयारी है।

पीएचई विभाग के अनुसार, मानसून से पहले जिले के 311 गांवों से 3200 नमूने एकत्रित किए गए। जिनकी रिपोर्ट निर्धारित मानकों के अनुरूप मिली।

सर्वे कार्य से जोड़ी गई हैं 5641 महिलाएं

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के डीपी वर्मा ने बताया कि महिला समूहों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद सैंपल एकत्रित करने का काम शुरू किया जाएगा। विभाग का लक्ष्य निर्धारित समयसीमा में सभी 9300 नमूनों की जांच प्रक्रिया पूरी करना है। जिले में पेयजल की गुणवत्ता जांचने के लिए 5641 महिलाओं को जोड़ा गया है।



दूषित पानी की पहचान के लिए प्रयोगशाला में जांच

बारिश के कारण जलस्त्रोतों में गंदगी पहुंचने और जलभराव की स्थिति बनने से पानी दूषित होने का खतरा रहता है। ऐसी परिस्थितियों में बैक्टीरिया की मौजूदगी का पता लगाना भी जरूरी होता है। दूषित पानी से होने वाली बीमारियों की आशंका को देखते हुए विभाग नमूनों की जांच कराता है। फिलहाल महिला समूहों द्वारा बैक्टीरिया की जांच नहीं की जाती। कुछ वर्ष पहले टेस्ट किट के माध्यम से बैक्टीरिया की जांच पर रोक लगा दी गई थी। अब इसके लिए नमूने महासमुंद स्थित प्रयोगशाला में जांचे जाते हैं। रासायनिक तत्वों की जांच भी प्रयोगशाला में कराई जाती है, ताकि पानी की गुणवत्ता का विस्तृत आंकलन हो सके।

मार्च तक कुल 9300 नमूनों का लक्ष्य पूरा किया जाएगा

मार्च तक कुल 9300 नमूनों का लक्ष्य पूरा किया जाना है। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को टेस्ट किट के इस्तेमाल और पानी की गुणवत्ता जांचने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 808 गांवों से 6100 सैंपल लिए जाने शेष हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में महिला समूहों को टेस्ट किट के माध्यम से पानी की प्रारंभिक जांच की जिम्मेदारी दी गई है। पीएच, क्लोराइड, आयरन, नाइट्रेट, फ्लोराइड, क्लोरीन और कठोरता की जांच की जानी होती है।

आयोजन: रामचंडी मंदिर में की पूजा-अर्चना, प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की

मुख्यमंत्री साय ने किया सर्वमंगल भवन का लोकार्पण, डोम निर्माण के लिए भी की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद/बसना

वर्ष 2024 में किए गए वादे हो रहे पूरे, गढ़फुलझर में विकास कार्यों को मिली गतिः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शनिवार को जिले के बसना विकासखंड अंतर्गत गढ़फुलझर स्थित रामचंडी मंदिर पहुंचे। उन्होंने मां रनेश्वर रामचंडी की विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और निरंतर प्रगति की कामना की। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं संबलपुर सांसद धर्मेंद्र प्रधान, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल, सांसद रूपकुमारी चौधरी, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि एवं समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे।





मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह बताते हुए खुशी हो रही है कि वर्ष 2024 में किए गए वादे अब पूरे हो रहे हैं। गढ़फुलझर में 50 लाख रुपये की लागत से निर्मित सर्वमंगल भवन का आज लोकार्पण किया गया है। इसके साथ ही 48 लाख रुपये की लागत से मानसरोवर तालाब के सौंदर्यीकरण तथा लगभग पौने दो किलोमीटर सड़क के निर्माण का कार्य भी जारी है, जिस पर 3.50 करोड़ रुपए की लागत आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गढ़फुलझर में विकास कार्य स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। कोलता समाज का प्रदेश सरकार को निरंतर आशीर्वाद और सहयोग मिलता रहा है। उन्होंने समाज को शिक्षित, समृद्ध और सामाजिक मूल्यों के प्रति समर्पित बताते हुए कहा कि यह समाज अन्य समाजों का मार्गदर्शन करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने मांग के अनुरूप मंदिर परिसर में 50 लाख रुपए लागत के भव्य डोम निर्माण की घोषणा की। सैनिक स्कूल की स्थापना के संबंध में प्रस्ताव भेजने तथा अन्य मांगों का परीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई करने की बात भी कही।

आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का हो रहा विस्तारः धर्मेंद्र

पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं संबलपुर सांसद धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि गढ़फुलझर आना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने रामचंडी मंदिर की धार्मिक महत्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह क्षेत्र आध्यात्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां गुरुद्वारे के निर्माण तथा लक्ष्मी-नारायण मंदिर के विकास से धार्मिक पर्यटन को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि बसना क्षेत्र में आध्यात्मिक गतिविधियों का विस्तार हो रहा है और नए सामुदायिक भवन का लोकार्पण सामाजिक एकता एवं भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने कोलता समाज को मेहनतकश, कृषि से जुड़ा और राष्ट्र के विकास में योगदान देने वाला समाज बताया।



कोलता समाज सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाला उदार समाजः रूपकुमारी

सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि चतुर्दशी पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। गढ़फुलझर श्रद्धा और आस्था का केंद्र है तथा इसके विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कोलता समाज को उदार, मिलनसार और सभी समाजों एवं वर्गों को साथ लेकर चलने वाला समाज बताया। इस अवसर पर उन्होंने रामचंडी मंदिर में सीढ़ियों के लिए शेड निर्माण हेतु सांसद निधि से राशि उपलब्ध कराने की घोषणा की।



अंचल के विकास के लिए प्रतिबद्धः विधायक

बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं बंधु मिलन कार्यक्रम सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को मजबूत करने वाला ऐतिहासिक अवसर है। कोलता समाज मिलनसार, सेवाभावी और शिक्षित समाज है। समाज के लोग शिक्षा, सेवा और कृषि के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए गढ़फुलझर अंचल में सैनिक स्कूल की स्थापना, ग्राम पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा तथा लोअर जोंक वृहद जलाशय के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री को अवगत कराया।



यह भी रहे मौजूद

इस अवसर पर बिजेपुर विधायक सनत गढ़तिया, अताबीरा विधायक निहाररंजन महानंद, बरगढ़ विधायक अश्विनी षढ़ंगी, पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, जिला पंचायत सदस्य मोक्ष प्रधान, गढ़फुलझर सरपंच हरप्रीत कौर, भाजपा जिला अध्यक्ष एतराम साहू, छत्तीसगढ़ कोलता समाज अध्यक्ष भुवनेश्वर सदावर्ती, रायगढ़ अध्यक्ष रत्थूलाल गुप्ता सरगुजा अध्यक्ष, रामचंद्र, संरक्षक हरिचरण प्रधान, व्यासदेव भोई आदि आदि मंचासीन थे। संभागीय अध्यक्ष गिरधारी साहू ने स्वागत भाषण देते हुए अभिनंदन पत्र का वाचन किया। महामंत्री मथामणि बढ़ाई ने प्रतिवेदन वाचन किया।

गांजा की तस्करी कर रहे राजस्थान के 4 लोग गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले की पुलिस ने गांजा की तस्करी कर रहे राजस्थान के 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 27.590 किलोग्राम गांजा (कीमत 13,79,500 रुपए) को बरामद किया है।

पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि 04 व्यक्ति ग्राम रेहटीखोल (एन एच-53) के पास बैग में गांजा लेकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे हैं। सूचना पर एनएच-53 रोड ग्राम रेहटीखोल के पास घेराबंदी कर पैदल आ रहे चार संदेहियों को रोका। पूछताछ में संदेहियों ने अपने-अपने नाम क्रमशः रणछोड पटेल पिता लुम्बाराम पटेल (28 साल) पिनवाडा थाना पिनवाडा जिला सिरोही (राजस्थान), प्रवीण कुमार पटेल पिता लुम्बाराम पटेल (24 साल) पिनवाडा थाना पिनवाडा जिला सिरोही (राजस्थान), संजय सिंग पिता रमेश सिंग (25 साल) पिनवाडा थाना पिनवाडा जिला सिरोही (राजस्थान), नारायण वाराडी पिता देवाजी वाराडी (46 साल) पिनवाडा थाना पिनवाडा जिला सिरोही (राजस्थान) का निवासी होना बताया।

संदेहियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर व पिट्ठू बैग की तलाशी लेने पर मादक पदार्थ गांजा पाया गया। पूछताछ पर बताये की उक्त गांजा को फुलबानी जिला कंदमाल ओडिशा से अहमदाबाद गुजरात लेकर जा रहे है। आरोपियो के कब्जे से कुल 27.590 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 13,79,500 रुपए एवं 04 नग मोबाइल कीमत 25,500 रुपए, कुल जुमला कीमत 14,05,000 रुपए को जब्त किया। मामले में आरोपियों के खिलाफ थाना सिंघोड़ा में धारा 20(बी)ii(सी), एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया।

दुर्घटना मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज

महासमुंद। नेशनल हाईवे 53 में ग्राम सिंधौरी के पास ट्रक से टकराने से कार में सवार दो युवतियों की मौत और तीन लोगों के घायल होने के मामले में पटेवा थाने में अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि थाना पटेवा के मर्ग क्रमांक 48/2026 के मृतका खदीजा गाजी पिता नईम बक्स गाजी (23 वर्ष) गौरी नगर राजनांदगांव थाना चिखली जिला राजनांदगांव एवं मर्ग क्रमांक 49/2026 धारा 194 बीएनएसएस की मृतका तस्नीया खान पिता आमिन खान (17 वर्ष) गौरी नगर राजनांदगांव थाना चिखली जिला राजनांदगांव के शव के शव पंचनामा एवं शव निरीक्षण पश्चात थाना प्रभारी को जांच प्रतिवेदन पेश किया गया। जांच प्रतिवेदन में कहा गया है कि 23 अक्टूबर को खदीजा गाजी, तस्नीया खान, तारिख खान, शेख उजमा फातमी, आनिया शादी कार्यक्रम से संबलपुर ओडिशा से कार क्रमांक सीजी 08 ए 9786 में वापस राजनांदगांव जा रहे थे। सुबह करीबन 07.20 बजे एनएच 53 रोड सरायपाली से रायपुर जाने का मार्ग समरातल ढाबा के पास ग्राम सिंधौरी के पास सामने चल रहे अज्ञात ट्रक का चालक लापरवाही पूर्वक बिना संकेत दिये अचानक ब्रेक लगा दिया, जिससे कार अनियंत्रित होकर ट्रक के पीछे टकरा गई। जिससे कार में सवार खदीजा गाजी, तस्नीया खान की गंभीर चोट लगने से मौत हो गई और कार में सवार अन्य लोग तारिख खान, शेख उजमा फातमी, आनिया को चोट लगी। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कर्मचारियों के साथ अमर्यादित व्यवहार की शिकायत पर आरएमए संकेत चंद्राकर को चेतावनी के साथ अन्य स्वास्थ्य केंद्र में किया गया पदस्थ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुनगाशेर अंतर्गत कर्मचारियों के साथ अमर्यादित व्यवहार एवं कार्यस्थल पर असहज वातावरण निर्मित किए जाने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला महासमुंद द्वारा प्रशासनिक कार्रवाई की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुनगासेर में पदस्थ ग्रामीण चिकित्सा सहायक संकेत चंद्राकर के विरुद्ध अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ कथित रूप से अमर्यादित एवं अपमानजनक व्यवहार किए जाने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत में कर्मचारियों के साथ अनुचित व्यवहार तथा अवकाश संबंधी प्रकरण में अभद्र भाषा के प्रयोग का उल्लेख किया गया है। इसके अतिरिक्त, 8 अगस्त 2026 को अत्यधिक वर्षा के कारण क्षेत्र में आवागमन बाधित होने की स्थिति में बैठक स्थगित करने की सूचना दिए जाने पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने तथा अनुपस्थिति के संबंध में वेतन कटौती की अनुशंसा किए जाने का भी उल्लेख शिकायत में किया गया है। बैठकों के दौरान अधीनस्थ कर्मचारियों के प्रति असम्मानजनक भाषा के प्रयोग की शिकायत भी सामने आई थी। उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुए जिला प्रशासन की स्वीकृति से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, महासमुंद द्वारा आदेश दिनांक 22 अक्टूबर 2026 के तहत संकेत चंद्राकर, ग्रामीण चिकित्सा सहायक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुनगाशेर, विकासखंड बागबाहरा को आगामी आदेश तक अस्थायी रूप से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जुनवानी खुर्द, विकासखंड बागबाहरा में कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है।

बनियातोरा के घरों में तेंदुए की धमक से ग्रामीणों में दहशत

खेती-किसानी पर असर, तेंदुए के खौफ के कारण ग्रामीण खेतों में जाने से डर रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

जिले के अंतर्गत आने वाले बागबाहरा वन मंडल के कोमाखान परिक्षेत्र में तेंदुए की लगातार मौजूदगी और हमलों से ग्रामीण इलाकों में भारी दहशत का माहौल बना हुआ है। हाल ही में क्षेत्र के कई गांवों में तेंदुए के विचरण और हमलों की घटनाओं ने लोगों की नींद उड़ा दी है।

विभिन्न गांवों में तेंदुए का विचरण

प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से कोमाखान परिक्षेत्र के बनियातोरा, परकोम, बहेराभांठा, झलमला और झिटकी कोकडी मुड़पार सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में तेंदुए को लगातार घूमते हुए देखा जा रहा है। कुछ समय पहले झिटकी और पंडरीपानी में तेंदुए के हमलों की गंभीर घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें घायल हुए कुछ लोगों को बेहतर इलाज के लिए रायपुर के मेकाहारा अस्पताल में भेजा गया था।

ताजा घटनाक्रम के तहत बनियातोरा गांव में गुरुवार रात करीब 9 बजे एक तेंदुआ अचानक घर की बाड़ी की दीवार फांदकर आंगन में आ बैठा। आंगन में तेंदुए को देखकर परिवार के लोग बुरी तरह डर गए। इसके बाद उन्होंने शोर मचाया और पड़ोसी को आवाज दी, जिससे लाठी-डंडे लेकर ग्रामीण मौके पर दौड़े। ग्रामीणों के हल्ला करने और एकजुट होने पर तेंदुआ पीछे बाड़ी की तरफ भाग निकला।



खेती-किसानी और दैनिक जीवन पर असर

दशहरा पर्व के ठीक बाद इन दिनों धान की फसलें विशेषकर छोटेअर्ली वैरायटी की फसलें पककर तैयार हो चुकी हैं और उनकी कटाई का काम चल रहा है। लेकिन खेतों और खलिहानों में तेंदुए के पगचिह्नों और उसकी मौजूदगी की खबरों के चलते ग्रामीण अपने खेतों में जाने से बुरी तरह डरे हुए हैं। किसानों और मवेशी चराने वालों के लिए सामान्य कामकाज करना भी मुश्किल हो गया है।

प्रशासन और वन विभाग से ग्रामीणों की मांग

क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे वन्यजीव के आतंक को देखते हुए ग्रामीणों ने वन विभाग और स्थानीय प्रशासन से तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग की है।

ग्रामीणों ने गांवों के आसपास गश्त बढ़ाने, ट्रैपिंग कैमरे लगाने तथा तेंदुए को सुरक्षित तरीके से पकड़ने के लिए प्रभावी रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने की अपील की है, सोशल मीडिया में वन्यप्राणी तेंदुआ की फोटो वायरल सड़क पर खड़ा व बैठा हुआ दिखाई दे रहा है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सीएम हेल्पलाइन के आवेदक से की चर्चा

महासमुंद। जिले के गढ़फुलझर में रामचंडी माता दिवस के आयोजन में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हेल्पलाइन 1076 के आवेदक गंगाधर नायक के भतीजे श्रीराम नायक से चर्चा की। नायक ने बताया कि उनके बड़े पिताजी 72 वर्षीय गंगाधर नायक का आयुष्मान वय वंदन कार्ड नही बना था। जिसकी शिकायत उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में की। शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने त्वरित कार्रवाई की। उनके बड़े पिताजी का कार्ड केवल आधा घंटा में तैयार हो गया। श्रीराम नायक ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को हेल्पलाइन योजना प्रारंभ करने के लिए आभार व्यक्त किया।



खबर संक्षेप

बांके बिहारी मंदिर में आज मनेगा शरद पूर्णिमा उत्सव

धमतरी। श्री बांके बिहारी मंदिर न्यास द्वारा आज 25 अक्टूबर रविवार को शरद पूर्णिमा उत्सव श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर में भजन-कीर्तन, भगवान की मंगल आरती और खीर प्रसादी वितरण का आयोजन होगा। मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा की किरणों में अमृतमयी गुण होते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी पावन रात्रि में भगवान श्रीकृष्ण ने वृंदावन में यमुना तट पर दिव्य महारास लीला रचाई थी। मंदिर में रात्रि 9 बजे से मध्यरात्रि 12 बजे तक भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके बाद भगवान की मंगल आरती होगी और श्रद्धालुओं को चंद्रकिरणों में रखी खीर प्रसाद के रूप में वितरित की जाएगी। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है।

परम्परानुसार एक सप्ताह पूर्व मनेगा दिवाली त्योहार

कुरुद। कुरुद ब्लाक के ग्राम सेमरा (सि) में लोक संस्कृति और परंपरा को सहेजने के उद्देश्य से लक्ष्मी पूजा एवं गोवर्धन पूजा के अवसर पर दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। गांव की पुरानी परंपरा के अनुसार यह पर्व मुख्य तिथि से एक सप्ताह पूर्व मनाया जाएगा। इस आयोजन को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह है। कार्यक्रम के तहत 3 नवंबर (मंगलवार) को लक्ष्मी पूजा के मौके पर राजनांदगांव जिले के भकुरा की प्रसिद्ध चंपा बासन नाच पार्टी अपनी प्रस्तुति देगी। वहीं 4 नवंबर (बुधवार) को गोवर्धन पूजा के अवसर पर कबीरधाम जिले के लखनपुर की मया के अंचरा नाच पार्टी पारंपरिक नृत्य व संगीत से समां बांधेगी। ग्रामीण गजेंद्र सिन्हा ने बताया कि इस बार भी छत्तीसगढ़ी लोककला को मंच देने की पूरी तैयारी है।

मधुबन धाम में स्काउट गाइड शिविर 26 से

मगरलोड। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार एवं स्थानीय संघ मगरलोड के सचिव मानसिंह कपूर के दिशा-निर्देश में विकासखण्ड स्तरीय द्वितीय सोपान स्काउट गाइड शिविर का आयोजन 26 से 30 अक्टूबर तक मधुबन धाम रांकाडीह में किया जाएगा। शिविर में स्काउट गाइड को ध्वज शिष्टाचार, प्राथमिक उपचार, कैंप क्राफ्ट, हस्तकला, भलाई कार्य, रस्सियों की गतिविधियां, भोजन बनाना, संदेश भेजना, साइबर सुरक्षा आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में माध्यमिक शाला, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के स्काउट गाइड सम्मिलित होंगे।

धान के दाम में 150 रुपए की उछाल

धमतरी। कृषि उपज मंडी धमतरी में धान की कीमत में तेजी आने से किसानों को राहत मिली है। शनिवार को मंडी में धान की आवक बढ़कर 1255 कट्टा पहुंच गई, जबकि शुक्रवार को 563 कट्टा धान की आवक हुई थी। ओमश्री पुराने धान का अधिकतम भाव 4151 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया, जो पहले 4001 रुपये था। मंडी में शनिवार को आईआर 64 एन नया धान 2250 से 2300 रुपये, आईआर 64 धान 2211 से 2250 रुपये, सांभा 3500 से 3900 रुपये और गोल्डन सांभा 3400 से 3701 रुपये तक बिका। सरोना धान का भाव 2270 रुपये रहा। वहीं ओमश्री एन धान 3300 से 3983 रुपये और पुराना ओमश्री 3900 से 4151 रुपये तक बिका। कीमत में बढ़ोतरी से किसानों को बेहतर दाम मिलने की उम्मीद जागी है।

विखं के कई स्कूलों में समय-सारिणी का पालन नहीं, मनमर्जी से चल रहे कुछ स्कूल

शनिवार को हायर, हाईस्कूल के साथ संलग्न स्कूलों का संचालन सुबह 10 से शाम 4 बजे तक किया जाना है

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी विकासखंड के कई शासकीय स्कूल में छग शासन द्वारा निर्धारित समय-सारिणी का पालन नहीं किए जाने का मामला सामने आया है। शासन के निर्देशानुसार शनिवार को एक ही पाली में संचालित होने वाले हायर सेकेंडरी, हाईस्कूल के साथ संलग्न माध्यमिक, प्राथमिक विद्यालय में शाला का संचालन सुबह 10 से शाम 4 बजे तक किया जाना है, लेकिन विकासखंड के कुछ बड़े स्कूलों में अब भी सुबह 7:30 से 12:30 बजे तक ही कक्षाएं संचालित किए जाने की बात सामने आ रही है।

शासन द्वारा शनिवार के लिए निर्धारित समय-सारिणी के संबंध में निर्देश जारी किए जाने के बावजूद नगरी विखं के कुछ स्कूलों में इसका पालन नहीं हो रहा है। शनिवार को दोपहर में निरीक्षण के दौरान बगरूमनाला और गट्टासिल्ली के हाईस्कूल बंद मिले। वहीं क्षेत्र के बड़े अन्य स्कूलों में भी निर्धारित समय से पहले छुट्टी कर दिए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं।

निर्धारित समय से पहले छुट्टी, पढ़ाई पर असर

शासन द्वारा स्कूलों के संचालन के लिए समय-सारिणी निर्धारित करने का उद्देश्य विद्यार्थियों को नियमित रूप से पढ़ाई का अवसर उपलब्ध कराना है। ऐसे में यदि स्कूल निर्धारित समय से पहले बंद हो रहे हैं, तो इसका सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ सकता है।



शिक्षा विभाग की निगरानी पर सवाल

इस मामले में शिक्षा विभाग की निगरानी व्यवस्था भी सवालों के घेरे में है। क्या संबंधित अधिकारियों द्वारा स्कूलों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। यदि स्कूल निर्धारित समय से पहले बंद हो रहे हैं, तो इसकी जानकारी विभाग को क्यों नहीं मिल रही है। शनिवार को बगरूमनाला और गट्टासिल्ली के हाईस्कूल बंद मिलने के मामले में भी स्थिति स्पष्ट किए जाने की आवश्यकता है।

उचित कार्रवाई की जायेगी : बीईओ

इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी कलीराम साहू से बात करने पर उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश का पालन नहीं करने वाले ऐसे स्कूल के संस्था प्रमुखों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जायेगी।

इलेक्ट्रिशियन एवं सोलर टेक्नीशियन ट्रेड के 60 प्रशिक्षणार्थियों को मिलेगा 150-150 घंटे का औद्योगिक प्रशिक्षण

आईटीआई मेघा और सद्भाव रिन्यूएबल्स लिमिटेड के बीच कौशल प्रशिक्षण के लिए एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के युवाओं को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीकी रूप से दक्ष बनाने तथा उनके लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसी क्रम में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) मेघा, जिला धमतरी और सद्भाव रिन्यूएबल्स लिमिटेड, रायपुर के मध्य कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया गया है। एमओयू कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जयंत नाहटा उपस्थित में हुआ । आईटीआई, मेघा की प्राचार्य सुश्री भूमिका साहू और सद्भाव रिन्यूएबल्स लिमिटेड से श्री ललित नाहटा थे ।

इस एमओयू के तहत आईटीआई मेघा के इलेक्ट्रिशियन ट्रेड के 20 तथा सोलर टेक्नीशियन ट्रेड के 40 प्रशिक्षणार्थियों सहित कुल 60 युवाओं को निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुरूप 150-150 घंटे का औद्योगिक प्रशिक्षण (ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग) प्रदान किया जाएगा। इसके माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों को कक्षा में अर्जित सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक कार्यस्थल पर उपयोग करने, आधुनिक तकनीकों को समझने तथा उद्योगों की कार्यप्रणाली से परिचित होने का अवसर मिलेगा।



कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने कहा कि युवाओं को केवल शैक्षणिक एवं सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें व्यावहारिक कौशल और उद्योगों में काम करने का अनुभव उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है। उद्योगों के साथ प्रशिक्षण संस्थानों का समन्वय युवाओं को रोजगार की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप तैयार करने में सहायक होता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल से प्रशिक्षणार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा, उनकी तकनीकी दक्षता विकसित होगी और रोजगार के लिए उनकी तैयारी अधिक प्रभावी बनेगी। उन्होंने युवाओं को बदलती तकनीक के अनुरूप अपने कौशल को निरंतर उन्नत करने तथा उपलब्ध प्रशिक्षण अवसरों का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जयंत नाहटा ने कहा कि युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए उन्हें उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावहारिक प्रशिक्षण देना आवश्यक है। आईटीआई मेघा और सद्भाव रिन्यूएबल्स लिमिटेड के बीच हुआ यह एमओयू प्रशिक्षणार्थियों को कार्यक्षेत्र का अनुभव प्रदान करने तथा उनकी तकनीकी दक्षताओं को निखारने में उपयोगी साबित होगा। इससे युवाओं को रोजगार प्राप्त करने के साथ ही भविष्य में स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के अवसर भी मिल सकेंगे।

दीपावली से पूर्व सड़कों की मरम्मत में जुटा लोक निर्माण विभाग



- लोगों को सुगम आवागमन उपलब्ध कराने विभागीय अधिकारी स्वयं सड़क पर उतरे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में लोक निर्माण विभाग अंतर्गत आने वाली क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के लिए विभाग ने कमान संभाल ली है। दीपावली के पूर्व जिले की सभी खराब सड़कों को डामरीकरण के माध्यम से दुरुस्त करने के उद्देश्य से मरम्मत कार्य तेजी से कराया जा रहा है।

लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एसएस चहल के नेतृत्व में विभागीय अधिकारी एवं मैदानी अमला स्वयं मौके पर पहुंचकर सड़क मरम्मत कार्यों की सतत निगरानी कर रहे हैं। सड़कों पर बने गड्ढों को भरने तथा डामर से पैच रिपेयरिंग का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है, ताकि दीपावली के दौरान आम नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। विभाग का मुख्य उद्देश्य जिले की सड़कों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुगम बनाना है। इसके लिए कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में मरम्मत कार्य पूर्ण कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

मातारानी की आराधना हमें सद्भाव और समाज के प्रति अपने दायित्वों का बोध कराती है : पं शर्मा



- समाजसेवी राजेश ने आमदी में मां दंतेश्वरी एवं मां शीतला की पूजा-अर्चना की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम आमदी में मां दंतेश्वरी एवं ग्राम देवी मां शीतला की पूजा-अर्चना और ग्राम भंडारे का आयोजन हुआ। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं समाजसेवी पंडित राजेश शर्मा शामिल हुए। उन्होंने मातारानी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की तथा भंडारे में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि ग्राम देवी मां शीतला और मां दंतेश्वरी के प्रति श्रद्धा हमारी सनातन संस्कृति और लोक परंपराओं की महत्वपूर्ण पहचान है। ग्राम देवी मां शीतला को स्वास्थ्य, शांति और जनकल्याण की कामना से पूजा जाता है, वहीं मां दंतेश्वरी शक्ति, साहस और आस्था की प्रतीक हैं। मातारानी की आराधना हमें सेवा, सद्भाव, करुणा और समाज के प्रति अपने दायित्वों का बोध कराती है।

पंडित राजेश शर्मा ने कहा कि धार्मिक आयोजनों की सार्थकता तभी है, जब उनसे समाज में सद्भाव, सेवा और सहयोग की भावना मजबूत हो। मातारानी के आशीर्वाद की कामना के साथ हमें जरूरतमंदों की सहायता, बुजुर्गों का सम्मान और समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ मिलकर गांव के विकास में योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में ज्योति साहू, हेमंत साहू, प्रीति कुंभकार, उमानंद सभापति, पार्षद सरिता साहू, पार्षद सुशीला साहू, डॉ. नागेश्वर साहू, खूबलाल ध्रुव, लक्की डागा सहित ग्राम के गणमान्य उपस्थित थे। श्री शर्मा ने श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया।

अलग आदिवासी धर्म कोड, आरक्षण और पेसा कानून पर रखीं मांगें

- राष्ट्रपति से मिला सर्व आदिवासी समाज का प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सर्व आदिवासी समाज के राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष अरविंद नेताम के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात कर आदिवासी समाज के संवैधानिक अधिकारों, आगामी जनगणना में अलग आदिवासी धर्म कोड, आरक्षण, पेसा कानून और जल, जंगल, जमीन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न मांगों के संबंध में राष्ट्रपति को अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा आदिवासियों के लिए संविधान में किए गए प्रावधानों के पालन तथा वर्तमान स्थिति की समीक्षा कराने का आग्रह किया।

प्रतिनिधिमंडल ने आगामी जनगणना में आदिवासियों के लिए अलग धर्म कोड का प्रावधान करने तथा समान नागरिक संहिता (यूसीसी) से आदिवासी समाज को



पृथक रखने का निवेदन किया। समाज ने कहा कि आदिवासियों की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान, परंपराओं और सामाजिक व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए संवैधानिक संरक्षण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। छग में पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक नियमों को लागू करने तथा ग्राम सभाओं को उनके अधिकारों के अनुरूप पूर्ण अधिकार प्रदान करने की मांग रखी। खनन एवं औद्योगिक परियोजनाओं के लिए आदिवासियों की जमीन के अधिग्रहण, उन्हें जमीन से बेदखल किए जाने और विस्थापन से जुड़ी समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि नक्सल समस्या के कारण विस्थापित हुए आदिवासी परिवारों को उनके मूल गांवों में वापस बसाने के लिए आवश्यक पहल की जानी चाहिए। नक्सल मामलों में वर्षों से जेलों में बंद निर्दोष आदिवासियों के मामलों की निष्पक्ष जांच कराकर पात्र लोगों की शीघ्र रिहाई के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया गया। प्रतिनिधिमंडल में अरविंद नेताम,अकबरराम कोर्राम, बीएस रावटे, विनोद नागवंशी, देवकुमार धान, भुवन कोर्राम, विश्वनाथ ताना वाकड़े, निपोन सुटिया, मोहनलाल कोमारे जीवराखन मरई, सविता साय, सुभाष परते, सुमेर सिंह नाग तथा महेश रावटे शामिल रहे।

60 शिक्षकों को मिला सीबीएसई का साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण



- मेनोनाईट स्कूल में एक दिवसीय सीबीएसई सीबीपी कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सीबीएसई वर्ष 2026 में लगातार विभिन्न विषयों पर आफलाइन एवं आनलाइन क्षमता निर्माण कार्यक्रम (सीबीपी) आयोजित कर रहा है जिसका उद्देश्य शिक्षकों के शिक्षण कौशल को बेहतर बनाना और उन्हें नवीनतम तकनीकों से लैस करना है।

मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रशिक्षण दिया गया जिसका मुख्य विषय साइबर सुरक्षा एवं जागरूकता रहा, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप प्रशिक्षण में शामिल किया गया। इस प्रशिक्षण में रिसोर्स पर्सन स्मिता साहू, एचओडी कंप्यूटर साइंस शकुन्तला विद्यालय भिलाई एवं होलीक्रॉस हायर सेकेण्डरी स्कूल पेंशनबाड़ा रायपुर की श्रीमती अंजलि वैश्य थी।

इस प्रशिक्षण में लगभग 60 प्रशिक्षु शिक्षक सम्मिलित हुए। सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यक्रम में कुल 8 सेशन करवाए गए। रिसोर्स पर्सन्स ने सभी प्रशिक्षु शिक्षकों को साइबर सुरक्षा, साइबर क्राइम एवं साइबर जागरूकता से संबंधित इंडक्शन प्रोग्राम ट्रेनिंग के विषय में जानकारी दी। सीबीपी ट्रेनिंग के वेन्यू डायरेक्टर शाला के प्राचार्य स्टीव लाल ने कहा कि विद्यालय में ऐसे प्रशिक्षण का आयोजन होना गर्व और सम्मान का विषय है। शाला प्रबंधन समिति के मैनेजर एमके मसीह ने कहा कि ऐसा प्रशिक्षण शिक्षकों की उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करता है।

हवा तूफान के साथ भारी वर्षा की चेतावनी

27 से 29 अक्टूबर तक मौसम रहेगा खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र चक्रवाती तूफान का रूप लेने जा रहा है। इसके प्रभाव से प्रदेश में 27 अक्टूबर से बारिश की गतिविधियां शुरू हो सकती हैं। तीन दिनी वर्षा गतिविधि में प्रदेश के कई इलाकों में भारी से अतिभारी वर्षा होने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केन्द्र रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को पूर्वी-मध्य और इससे सटे दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के उपर एक सुस्पष्ट कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। शनिवार को अवदाव में बदलने, रविवार को गहन अवदाब में बदलने तथा 26 अक्टूबर तक चक्रवाती तूफान का रूप लेगा। इसके प्रभाव से 27 अक्टूबर से 50 किमी की रफ्तार से हवा तूफान, गरज- चमक के साथ वर्षा गतिविधि शुरू हो सकती है। 28 एवं 29 अक्टूबर को कुछ स्थानों में भारी से अतिभारी वर्षा की संभावना है।

किसानों की चिंता बढ़ी

जिले के करीब 40 लाख हेक्टेयर में धान की फसल लहलहा रही है। हरूना किस्म के धान पक रहे हैं या पक चुके हैं। फसल कटाई भी जोर पकड़ ली है। ऐसे में मौसम का मिजाज खराब होना किसानों के लिए बड़ी मुसीबत बन सकती है। कृषि अधिकारी मोनेश कुमार साहू ने बताया कि किसान मौसम के पूर्वानुमान और फसल की स्थिति देखकर ही कटाई का निर्णय लें। फसल की कटाई के बाद उसे खेतों पर न छोड़ें। पानी से भीगने पर फसल सड़ सकती है। मध्यम और देर से पकने वाली धान की फसल को वर्षा से राहत मिल सकती है लेकिन तेज हवा से फसल के गिरने का खतरा है। दलहन तिलहन की फसल भी पकने की अवस्था में है। बादल छाये रहने से इसमें कीट प्रकोप बढ़ सकता है। किसानों को सतर्क रहने कहा गया है।

दिवाली से पूर्व सोने चांदी के भाव में गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दिवाली का त्योहार नजदीक आते ही सराफा बाजार में सोने-चांदी की कीमत में गिरावट दर्ज की जा रही है। इससे आभूषण खरीदने की तैयारी कर रहे ग्राहकों को राहत मिलने की उम्मीद है। ज्वेलरी व्यापारी स्वरूपचंद ने बताया कि त्योहार से पहले सोने और चांदी के भाव में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। शनिवार 24 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे जारी भाव के अनुसार 22 कैरेट सोना 1,30,800 रुपये, 20 कैरेट सोना 1,19,500 रुपये, 18 कैरेट सोना 1,08,200 रुपये, 14 कैरेट सोना 83,430 रुपये और 9 कैरेट सोना 54,500 रुपये दर्ज किया गया। वहीं चांदी का भाव 1,950 रुपये बताया गया है। मेकिंग चार्ज और जीएसटी अलग है। व्यापारी स्वरूपचंद के अनुसार सोने-चांदी के भाव में उतार-चढ़ाव के बीच दिवाली पर आभूषण खरीदने वालों की बाजार में रुचि बनी हुई है। ग्राहकों को खरीदारी के समय शुद्धता और हॉलमार्क का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

बगदेही की जस गीत मंडली ने बांधा समां



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में भठेली स्थित दुर्गा मंच में जस गीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम बगदेही की जस गीत मंडली द्वारा भक्तिमय एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि लेखराम साहू द्वारा किया गया। उन्होंने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी लोक परंपरा और संस्कृति को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जस गीत जैसे पारंपरिक कार्यक्रमों के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर मिलता है। ग्राम बगदेही से पहुंची जस गीत मंडली ने देवी भक्ति से जुड़े विभिन्न जस गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। मंडली की प्रस्तुति पर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर नजर आए और पूरा दुर्गा मंच भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। इस अवसर पर बस्ती पंचायत अध्यक्ष नेकराम बंधु, उपाध्यक्ष कुलेश्वर साहू, खुमान सिंह सोन, दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष विदेशी राम साहू, नितेश मानिकपुरी, देवेंद्र सेन, अश्वनी साहू सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

दुर्घटना में घायल संगीता को महापौर ने 20 हजार की सहायता राशि दी

धमतरी। बठेना वार्ड निवासी संगीता यादव पिता खिलावन यादव कुछ दिन पूर्व हुई दुर्घटना में घायल हो गई थी। इसकी जानकारी मिलने पर महापौर रामू रोहरा ने उनके निवास पहुंचकर उनका हालचाल जाना और स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान महापौर ने संगीता यादव को उपचार एवं अन्य आवश्यकताओं में सहयोग के उद्देश्य से 20 हजार रुपये की



आर्थिक सहायता राशि प्रदान की। श्री रोहरा ने इस अवसर पर संगीता यादव के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि संकट की घड़ी में जरूरतमंदों के साथ खड़े रहना और उन्हें हरसंभव सहयोग प्रदान करना सामाजिक दायित्व है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जरूरत के समय हरसंभव सहयोग के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर वार्ड पार्षद श्यामलाल नेताम सहित अनेक वार्डवासी उपस्थित थे।

हवन-पूजन के बाद हुआ नौ कन्या भोज

कोर्रा(भखारा)। जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा मां बम्लेश्वरी मंदिर अमलीडीह में मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई थी। पंचमी पर माता का श्रृंगार किया गया। अष्टमी पर हवन पूजन के बाद नौ कन्या भोज एवं प्रसादी भंडारा का कार्यक्रम रखा गया था। मौके पर जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति के अध्यक्ष राजकुमार यादव, उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू, कोषाध्यक्ष देवनाथ साहू, सचिव अंजू साहू, सहसचिव दिनेशकुमार साहू, संजय कुमार साहू, नेमिन माधव सरपंच, जगदीश साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति समेत अनेक ग्रामवासी मौजूद थे।

राजमानस संघ छग का वार्षिक उत्सव 31 को सिहावा में

धमतरी। श्री राजमानस संघ छग धमतरी का वार्षिक उत्सव मां शीतला मंदिर प्रांगण सिहावा में 31 अक्टूबर शनिवार को होगा। पौधरोपण का कार्य भी किया जाएगा। संघ द्वारा रक्तदान महादान की थीम पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारी का राजमानस संघ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष अर्जुन पुरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष योगेश्वर साहू, सुरेश देवांगन, प्रवक्ता डॉ भूषण चंद्राकर, सचिव डॉ. जेएल देवांगन, सहसचिव एनआर यादव, मानस शक्ति केंद्र धमतरी के अध्यक्ष गंगाप्रसाद सिन्हा ने जायजा लिया।

खबर संक्षेप

केंदुवा में मारपीट, आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

महासमुंद। ग्राम केंदुवा में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में सरायपाली थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। ग्राम मानिकपुर थाना नगरदा जिला सक्ती निवासी भुनेश्वर भाट 20 अक्टूबर को दोपहर करीबन 2 बजे अपने साले संजू भाट के ससुर के यहां ग्राम केंदुवा मोटर सायकल से आया था, कुछ देर तक रूकने के बाद वह अपने मोबाईल को चेक कराने ग्राम केदुवा के दुकान में गया था, जहां से वापस अपने साले के ससुर के यहां जा रहा था। दोपहर करीबन 2.30 बजे मोंगरा भाट के घर के पास महेश भाट ने अपने घर से निकलकर कहा कि तू इस गांव में क्यों आया है, तू पहले भी हमारे रिश्तेदार के लड़की को भगाकर ले गया था। ऐसा कहकर वह गाली गलौज करने लगा। तभी दिनेश भाट एवं सुकदेव भाट भी वहां आए और तीनों जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

नार्थ जोन में 177 बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई

रायपुर। नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए नॉर्थ जोन पुलिस ने 177 लोगों के खिलाफ प्रतिबंधित सहित अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई की है। डीसीपी दीपमाला कश्यप के निर्देशन में तथा एडीसीपी आदित्य पांडे के मार्गदर्शन में पुलिस ने 57 प्रकरणों में 68 व्यक्तियों को धारा 126, 135(3), बीएनएसएस के तहत 63 प्रकरणों में 75 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की।

मुल्ले में पंडवानी आज

जीजामगांव। ग्राम मुल्ले में आज 25 अक्टूबर को जय दुर्गा पंडवानी भजन मंडली निनवा तिल्दा की पंडवानी होगी। कार्यक्रम की तैयारी में भागीरथी साहू, भागवत साहू, सांवत साहू, घनश्याम साहू, धर्मेंद्र साहू, हरीश साहू, वासुदेव साहू जुटे हुए हैं। कार्यक्रम का संचालन दुर्गा साहू द्वारा किया जाएगा।

मेघा में सुनील सोनी स्टार नाइट आज

मगरलोड। ग्राम मेघा में शरद पूर्णिमा के अवसर पर आज नवदुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड द्वारा स्व.यशवंत राव मेघावाले खेल मैदान में लोकगायक सुनील सोनी स्टार नाइट कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। खेल मैदान में विशाल मंच बनाया जा रहा है। दर्शकों के बैठने के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। कार्यक्रम की तैयारी में समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य जुटे हैं।

भारत माता की प्रतिमा का अनावरण आज

मगरलोड। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड में मधुर यादों को समेटे हुए ऐतिहासिक मिलन समारोह आज 25 अक्टूबर रविवार को किया गया है। कार्यक्रम के मुख्यातिथि समाजसेवी जुगलकिशोर अग्रवाल होंगे। शाला विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष मंशाराम साहू अध्यक्षता करेंगे। विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष लीलेश साहू होंगे। कार्यक्रम में शांतनु पैकरा, राजेश अग्रवाल, वंदना साहू, प्रदीप साहू, राजेन्द्र दीवान, तुमनचंद साहू, राजेश चक्रधारी, कमलेश मार्कण्डेय, देवानंद गौतम, हेमंत कुमार भी मौजूद रहेंगे।

डाही में जसगीत आज

डाही(धमतरी)। शरद पूर्णिमा पर्व पर ग्राम डाही के महावीर चौक में हंकारा का जसगीत कार्यक्रम आज 25 अक्टूबर रविवार को रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में टेकू साहू, नेमूराम सिन्हा, डिगेश्वर पटेल, ओमेश्वर पटेल, खिलेश पटेल, ललित सिन्हा, ढालेश देवांगन पूर्व उपसरपंच जुटे हैं।

राज्यस्तरीय क्रिकेट में भूपेश का चयन

मगरलोड। प्रतिभा, मेहनत और खेल के प्रति लगन के दम पर पीएम श्री सेजेस स्कूल भैंसमुंडी मगरलोड के कक्षा 9वीं के विद्यार्थी भूपेश साहू पिता नीलम साहू ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उनका चयन राजनांदगांव में 26 से 29 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

195 कनेक्शनों की जांच, बिना भुगतान बिजली उपयोग करने वालों पर हुई कार्रवाई

महासमुंद एवं गरियाबंद में बिजली चोरी पर विद्युत कंपनी का कड़ा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) द्वारा विद्युत देयकों का भुगतान किए बिना बिजली का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध महासमुंद एवं गरियाबंद जिले में विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 24 अक्टूबर को महासमुंद, कोमाखान, बागबाहरा, सांकरा, पटेवा एवं गरियाबंद जिले के देवभोग क्षेत्र सहित सरायपाली शहर के बालसी, यासीन कॉलोनी, इनायत पारा एवं भंवरपुर रोड क्षेत्रों में विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान में विद्युत कंपनी की 23 टीमों ने भाग लिया।

अभियान के दौरान स्मार्ट मीटर के माध्यम से रिमोट से बिजली आपूर्ति विच्छेदित किए गए कनेक्शनों तथा नॉन-स्मार्ट मीटर वाले ऐसे कनेक्शनों की पुनः जांच की गई, जिनकी बिजली लाइन पहले ही खंभे से काटी जा चुकी थी। जांच के दौरान लगभग 195 कनेक्शनों का निरीक्षण किया गया। इसमें 53 कनेक्शनधारियों द्वारा बिजली लाइन विच्छेदित होने के बाद भी विद्युत देयक का भुगतान किए बिना सीधे खंभे से हुकिंग अथवा मीटर को बायपास कर बिजली का उपयोग करते हुए पाया गया। मौके पर जांच दलों द्वारा संबंधित मामलों में विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 138 एवं 135 के तहत पंचनामा तैयार किया गया है। इन प्रकरणों को नियमानुसार पुलिस थाने एवं विशेष न्यायालय में प्रस्तुत करने की कार्रवाई की जा रही है।

विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत बिजली चोरी सिद्ध होने पर पहली बार दोषसिद्धि की स्थिति में कम से कम 3 माह का कारावास तथा अधिकतम 3 वर्ष तक का कारावास और जुर्माने का प्रावधान है। जुर्माने की राशि चोरी की गई बिजली के भार और मात्रा के आधार पर निर्धारित की जाती है तथा यह चोरी से संबंधित वित्तीय लाभ से कम नहीं हो सकती। दोबारा दोषसिद्धि होने पर कारावास और जुर्माने की अधिक कठोर कार्रवाई का प्रावधान है। वहीं, धारा 138 के तहत मीटर से छेड़छाड़, मीटर को बायपास करना, अनधिकृत रूप से लाइन जोड़ना या विद्युत आपूर्ति में हस्तक्षेप करने पर अधिकतम 3 वर्ष तक का कारावास, जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त, आकलित चोरी की राशि, बकाया विद्युत देयक, लागू अधिभार एवं अन्य वैधानिक शुल्क की वसूली भी नियमानुसार की जा सकती है। अंतिम सजा और मुआवजा अथवा देय राशि का निर्धारण सक्षम न्यायालय एवं अधिकृत प्राधिकारी द्वारा मामले के तथ्यों, चोरी की मात्रा और लागू नियमों के आधार पर किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि महासमुंद एवं गरियाबंद जिले में संचालित इस विशेष अभियान के तहत इससे पूर्व भी 263 प्रकरणों में पंचनामा तैयार कर विशेष न्यायालय में प्रस्तुत करने की तैयारी की गई थी। आज की कार्रवाई में 53 नए प्रकरण सामने आने के बाद विद्युत देयकों का भुगतान किए बिना बिजली का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई और तेज हो गई है।

समाधान योजना का लाभ लेने की अपील

विद्युत कंपनी द्वारा बकायादार उपभोक्ताओं से अपील की जा रही है कि वे बकाया विद्युत देयकों का भुगतान करें तथा पात्रता के अनुसार समाधान योजना का लाभ लेने के लिए पंजीयन कराएं। अभियान के दौरान कई बकायादार उपभोक्ता बकाया भुगतान एवं समाधान योजना के माध्यम से राहत प्राप्त करने के विकल्पों की जानकारी ले रहे हैं। विद्युत कंपनी का यह विशेष जांच अभियान लगातार 31 मार्च 2027 तक जारी रहेगा। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि जिनका बिजली कनेक्शन बकाया भुगतान के कारण विच्छेदित किया गया है, वे अनधिकृत रूप से लाइन जोड़कर या मीटर को बायपास करके बिजली का उपयोग न करें। किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए बकाया राशि के भुगतान एवं समाधान योजना की जानकारी प्राप्त करने हेतु संबंधित विद्युत कार्यालय से संपर्क करें। विद्युत कंपनी ने स्पष्ट किया है कि बिजली का उपयोग नियमानुसार एवं निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही किया जाना चाहिए।

विच्छेदित कनेक्शन को बिना अनुमति पुनः जोड़ना या मीटर को बायपास करके बिजली का उपयोग करना दंडात्मक कार्रवाई का कारण बन सकता है।

महासमुंद में भाजपा के शक्ति केंद्र की हुई बैठक, मन की बात कार्यक्रम को लेकर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भाजपा शहर मंडल के निर्देशानुसार शिवभूमि भक्ति केंद्र नयापारा के बूथ क्रमांक 196, 197 एवं 198 में शक्ति केंद्र प्रभारी देवीचंद राठी एवं सह-संयोजक गौरव राठी ने बैठक ली। बूथ क्रमांक 196 की बैठक बूथ प्रभारी फगवा पटेल, बूथ क्रमांक 197 की बैठक बूथ प्रभारी मैना कोसले तथा बूथ क्रमांक 198 की बैठक बूथ प्रभारी सारिका यादव के निवास पर आयोजित की गई।

बैठक में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को 25 अप्रैल को सभी बूथ केंद्रों में आयोजित करने के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान बूथ सदस्यों के साथ वार्ड के आम नागरिकों को भी कार्यक्रम से जोड़ने पर जोर दिया गया। शक्ति केंद्र प्रभारी देवीचंद राठी ने बताया कि 'मन की बात' कार्यक्रम के 139वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की जनता से अपने विचार साझा करेंगे। उन्होंने पिछले एपिसोड में छत्तीसगढ़ की मुनगा भाजी का उल्लेख किए जाने तथा इसके उपयोग को बढ़ावा देने की बात भी कही।

बैठक में बूथ प्रभारियों को संगठन के निर्देशानुसार बूथ समितियों के गठन एवं संगठनात्मक गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए। तीनों बूथों पर 25-25 सदस्यों की बूथ समितियों का गठन हो चुका है। साथ ही, प्रत्येक माह सभी बूथ केंद्रों पर सदस्यों की बैठक आयोजित करने तथा सभी सदस्यों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। देवीचंद राठी ने कहा कि भाजपा संगठन द्वारा समय-समय पर दिए जाने वाले कार्यक्रमों को सभी कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी, सक्रियता एवं जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की गतिविधियों से जोड़ने का आह्वान किया।

गहनों का डिजाइन स्कैन करने के नाम पर महिलाओं से दो लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम तेंदूकोना में गहने कंप्यूटर में स्कैन करने के नाम पर एक अज्ञात महिला ने चार महिलाओं से दो लाख रुपए की ठगी कर ली। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात महिला के विरूद्ध तेंदूकोना थाने में अपराध दर्ज किया गया है।

तेंदूकोना की कीर्ति दीवान पति तिलक दीवान (35 वर्ष) ने दिए गए आवेदन में पुलिस को बताया कि 15 अक्टूबर की सुबह करीबन 10 बजे एक अज्ञात महिला उसके घर आई और कहा कि टूटे फूटे पुराने बर्तन को लेती हूं जिसके बदले में नया बर्तन बनाकर देती हूं। इस उसने 02 नग टिफिन दिया, और दूसरे दिन टिफिन को नया बनाकर वापस कर चली गयी। इसके बाद 17 अक्टूबर को वह महिला फिर से घर आई और कहने लगी कि सोने-चांदी के जेवरात हो तो दीजिए जिसका डिजाइन को कंप्यूटर में स्कैन कर बाहर भेजते है और उसके बदले में पैसा मिलेगा। इस पर महिला ने उसे 02 नग पायल कीमत करीबन 25000 रूपए , 01 परात पीतल का कीमत करीबन 2000 रुपए को दिया, जिसे उसने अज्ञात महिला ने वापस नहीं किया।

जब इसकी जानकारी उसने अपने पड़ोसियों को दी तो पड़ोसी किरण निर्मलकर ने बताया कि वह महिला 16 अक्टूबर को उसके घर भी आयी थी, जिसे उसने 02 नग बड़े गंज कीमत करीबन 4000 रुपए, 01 नग फुलकांस की थाली कीमत करीबन 2000 रुपए एवं 06 नग सोने का मटरदाना कीमत लगभग 40000 रुपए को दिया, लेकिन अज्ञात महिला ने उसे वापस नहीं किया। एक अन्य पड़ोसी सविता दीवान ने भी बताय कि दिनांक 16 अक्टूबर को वह महिला भी उसके घर आयी थी और सोने चांदी के डिजाइन और पुराने बर्तन के बदले में पैसा मिलेगा कहा। इस उसने 01 नग पीतल का गंज कीमत करीबन 3000 रुपए, 01 नग चांदी का राधा कृष्ण की मूर्ति कीमत करीबन 3000 रुपए ,01 जोड़ी सोने का कान का टाप वजन 01 ग्राम कीमत करीबन 36000 रुपए, 10 नग सोने का गेहूं दाना कीमत करीबन 50000 रुपए , 02 नग सोने का लॉकेट कीमत करीबन 20000 रुपए को दिया, जिसे उसने वापस नहीं किया। पड़ोसी सावित्री निर्मलकर से भी उक्त अज्ञात महिला 02 नग कांस का थाली कीमत करीबन 10000 रुपए , 01 नग कांस का लोटा कीमत करीबन 2000 रुपए, 01 बड़ा स्टील का ड्रम कीमत करीबन 1500 रुपए , 01 नग एल्युमीनियम की कडाही कीमत 500 रुपए , 01 नग स्टील का दूध डिब्बा कीमत 1000 रुपए तथा 01 तांबा का लोटा कीमत 200 रुपए को लेकर चली गई। अज्ञात महिला ने चारों महिलाओं से पुराने बर्तन एवं सोने चांदी के जेवरात कुल कीमत करीबन 2,00,200 रुपए की धोखाधड़ी कर ली। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी अज्ञात महिला के विरूद्ध धारा 318(3), 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

कोडार डायवर्सन परियोजना के संरचनाओं की मरम्मत के लिए विधायक योगेश्वर ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



कोडार डायवर्सन परियोजना की विभिन्न संरचनाओं की मरम्मत एवं रखरखाव को लेकर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में परियोजना से संबंधित संरचनाओं की वर्तमान स्थिति, मरम्मत की आवश्यकता तथा आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के संबंध में चर्चा की गई।

विधायक सिन्हा ने अधिकारियों से परियोजना की विभिन्न संरचनाओं का निरीक्षण कर उनकी स्थिति का आकलन करने तथा जहां मरम्मत की आवश्यकता है, वहां शीघ्र आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल संसाधन से जुड़ी संरचनाओं का नियमित रखरखाव अत्यंत आवश्यक है। समय पर मरम्मत होने से संरचनाओं की उपयोगिता बनी रहती है और भविष्य में होने वाली संभावित समस्याओं से भी बचा जा सकता है। आगे कहा कि क्षेत्र में जल संसाधन से संबंधित व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखना आवश्यक है।

इसके लिए विभागीय अधिकारियों को मैदानी स्तर पर स्थिति की जानकारी लेकर समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करना चाहिए। उन्होंने कोडार डायवर्सन परियोजना की संरचनाओं की मरम्मत एवं रखरखाव के कार्यों में आवश्यक तत्परता बरतने और संबंधित कार्यों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए।

हजारों हेक्टेयर में होती है सिंचाई

कोडार डायवर्सन परियोजना महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम कौंवाझर के निकट कोडार नदी पर निर्मित है। योजना का निर्माण लगभग 40 वर्ष पूर्व किया गया था, जिससे खरीफ फसल हेतु लगभग 2126.20 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की जाती है। इसमें मुख्य नहर की लंबाई करीब 13,680 मीटर है। इसमें कुल 6 माइनर नहरें हैं, इससे लाभान्वित ग्राम गोपालपुर, बेल्टुकरी, अछोली, तुमगांव एवं अमावस है। वर्तमान में मुख्य नहर एवं माइनर नहरें आंशिक रूप से सीमेंट कांक्रीट से लाइनिंगयुक्त हैं। कई स्थानों पर लाइनिंग क्षतिग्रस्त है तथा संरचनाओं में रिसाव एवं मरम्मत की आवश्यकता है। इससे सिंचाई क्षमता प्रभावित हो रही है। इसके मरम्मत से क्षमता में वृद्धि होगी, इसलिए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। मरम्मत होने से करीब 1314.80 हेक्टेयर सिंचाई क्षमता में वृद्धि होगी।

मंदिर के पास अचेत मिले युवक की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

घर से पैदल शहर जाने के लिए निकला युवक रात्रि में मंदिर के पास अचेत पड़ा था। उसे अस्पताल लाने पर डाक्टर ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार धर्मेंद्र गर्ग पिता छबिलाल उम्र 32 वर्ष ग्राम पेरपार पुलिस चौकी कंवर जिला बालोद निवासी की दिमागी हालत लगभग डेढ़ वर्ष से ठीक नहीं थी। उसका जिला अस्पताल में उपचार कराया गया था। वह शराब का सेवन करता था। शुक्रवार की सुबह युवक घर में धमतरी जा रहा हूं, कहकर पैदल निकला था जो देर शाम तक घर नहीं पहुंचा। रात्रि 8 बजे के लगभग गांव के थानू पटेल ने उसके परिजनों को धर्मेंद्र के ग्राम पोटियाडीह के शिव मंदिर के पास बेहोशी की हालत में पड़े होने की जानकारी दी। परिजनों ने युवक को एम्बुलेंस की मदद से तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने शनिवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

■ ग्राम पोटियाडीह की घटना

विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने एक और जोन खोलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



लगातार विद्युत व्यवस्था में आ रहे व्यवधान को देखते हुए चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने शहर में एक और जोन बनाने की मांग की है। अभी तक पूरा शहर एक जोन में है, जिसके चलते यहां संसाधनों की कमी है। एक फ्यूज कॉल के लिए भी घंटों इंतजार करना पड़ता है।

चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता को ज्ञापन सौंपते हुए शहर में एक और विद्युत जोन स्थापित करने की मांग की थी। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और मुख्य अभियंता छग विद्युत मंडल को प्रेषित की थी, लेकिन आज तक इस मांग पर गौर नहीं किया गया है। चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने फिर से इस मांग को दोहराया है। चेम्बबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों ने बताया कि पूर्व में धमतरी शहर की जनसंख्या को देखते हुए विद्युत वितरण की व्यवस्था बनाई गई थी। अब जनसंख्या कई गुना बढ़ चुकी है। जनसंख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। इससे विद्युत विभाग को राजस्व में भी ज्यादा मिल रहा है, लेकिन विद्युत व्यवस्था वही पुरानी है। शहर में एक जोन के भरोसे विद्युत सप्लाई हो रही है। लोगों को काफी परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। वर्तमान में सिर्फ एक फ्यूज ऑफ कॉल है, जिसके कारण समय पर घटना स्थल पर पहुंचने में समय लगता है। वर्तमान में देखा गया है कि ट्रांसफार्मरों में सर्किट भी नहीं है जिसके कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। विभाग के पास संसाधनों की कमी है, जिससे मेंटनेंस कार्य में काफी विलंब होता है। शहर का राजस्व बढ़ा है। इसी राजस्व से यदि यहां एक और जोन स्थापित कर दिया जाए तो लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने अतिशीघ्र शहर में दूसरा जोन खोलने की मांग की है। मांग करने वालों में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, धमतरी अध्यक्ष कैलाश कुकरेजा, मीडिया प्रभारी मितेश जैन सहित अन्य लोग शामिल हैं।

बदमाशों ने कबाड़ी दुकान में आग लगाई, अन्य दुकानों में की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



बदमाशों ने रेलवे स्टेशन के पास स्थित कबाड़ी दुकान में आग लगा दी। इसके बाद आसपास की अन्य दुकानों का ताला तोड़कर चोरी कर फरार हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन के पास सड़क किनारे छोटी- छोटी दुकानें संचालित हैं। वहीं पर एक कबाड़ी की भी दुकान है। शुक्रवार की रात्रि अज्ञात बदमाशों ने कबाड़ी दुकान में आग लगा दी। आगजनी की सूचना मिलते ही दुकान संचालक कुतुम तत्काल मौके पर पहुंचे। दुकान को आग में जलते देख उन्होंने तत्काल फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी। दमकल टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। दुकान मालिक ने मीडिया को बताया कि अज्ञात आरोपी ने पहले दुकान का ताला तोड़कर भीतर घुस नकदी रकम की चोरी की। उसके बाद आग लगाई। इसी तरह गिरधर सिन्हा की भोला पान दुकान का ताला तोड़कर भीतर रखी नकदी व गुटखा पाउच की चोरी की। इसके अलावा आरोपियों ने आसपास स्थित अन्य दुकानों में भी चोरी की है।



खबर संक्षेप

शासकीय भूमि व सीसी रोड पर अवैध कब्जा हटाने की मांग

महासमुंद। शहर के वार्ड क्रमांक 30 में आंगनबाड़ी के सामने शासकीय भूमि व सीसी रोड पर अवैध कब्जा एवं अतिक्रमण को हटाने की मांग वार्ड पार्षद धनेश्वरी सोनवानी एवं वार्डवारियों ने सीएमओ से करते हुए बताया है कि आंगनबाड़ी के सामने शासकीय भूमि, सीसी रोड तथा पालिका द्वारा स्थापित बोर के पास वार्ड के ही एक नागरिक द्वारा घेरा लगाकर अवैध कब्जा एवं अतिक्रमण किया गया है। जिससे आंगनबाड़ी के बच्चों के मनोरंजन खेलकूद एवं नागरिकों को आवागमन में असुविधा हो रही है। कब्जा एवं अतिक्रमण को हटाने की मांग पालिका सीएमओ से की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में पार्षद धनेश्वरी सोनवानी के साथ आरती, ज्योति, लक्ष्मी, सरस्वती कन्नौजे, इंद्राणी, पूजा, निशा, गायत्री सेन, हेमलता साहू, निर्मला, गंगा, भीना साहू, अनसुईया, गजाधर, शिवचरण सोनी, ललिता चंद्राकर, फुगेलाल, रामेश्वरी साहू, खिलेश्वरी, विश्वासा यादव, रंजना गजेंद्र, सावित्री आदि शामिल है।

झिटकी में आज मनाया जाएगा शरद पूर्णिमा उत्सव

नर्रा। ग्राम झिटकी में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी पारंपरिक शरद पूर्णिमा उत्सव अत्यंत धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। 25 अक्टूबर रविवार को आयोजित होने वाले इस पावन अवसर पर गांव में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। शरद पूर्णिमा के पावन पर्व पर रात्रि 12 बजे के बाद श्रद्धालुओं एवं दर्शकों के लिए विशेष औषधीय गुणों से युक्त प्रसादी का वितरण किया जाएगा, जिसे स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से अत्यंत लाभकारी माना जाता है। साथ ही ग्रामीणों एवं आसपास के क्षेत्रवासियों के मनोरंजन तथा लोक संस्कृति के संरक्षण के लिए छत्तीसगढ़ी 'नाचा गम्मत' के भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति ने आसपास के सभी धर्मप्रेमी ग्रामीणों एवं कला अनुरागियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर औषधि रूपी प्रसाद ग्रहण करें और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाएं।

अलसुबह और देर रात हल्की गुलाबी ठंड का अहसास

नर्रा। दशहरा का पर्व संपन्न होने के बाद अब मौसम के मिजाज में अचानक बदलाव देखने को मिल रहा है। मानसूनी हवाओं की विदाई के साथ ही क्षेत्र में अब अलसुबह और देर रात हल्की 'गुलाबी ठंड' का अहसास शुरू हो गया है। सुबह-सुबह घूमने निकलने वाले लोगों को ठंड महसूस होने लगी है। मौसम में आए इस परिवर्तन के साथ ही आम जनजीवन पर भी इसका असर दिखने लगा है।

भजन कीर्तन का आयोजन आज

महासमुंद। ग्राम खरोरा में 25 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा पर भजन-कीर्तन का आयोजन रखा गया है। रात्रि 8 बजे वल्लसल म्यूजिक ग्रुप बागबाहरा की प्रस्तुति होगी। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि शरद पूर्णिमा पर मंदिरों और घरों में विशेष रूप से भगवान कृष्ण, माता लक्ष्मी और हरि विष्णु की आराधना है। शरद पूर्णिमा कीर्तन-भजन की मुख्य परंपराएं और महत्वपूर्ण है।

आयोजन : आदिशक्ति माता इक्कीसो बहिनियां देवठाना में हुआ कार्यक्रम

देवठाना बस्तीपाली में हवन पूजन महाआरती के बाद लगा भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना



फुलझर राज्य रियासत 18वीं शताब्दी की प्राचीनकालीन ऐतिहासिक राजधानी रही बस्तीपाली में तत्कालीन गोंडवाना शासनकाल के जगत राजवंश के राजा जगसाय जगत राजमाता सागुन कुमारी देवी जगत की एक वैभवशाली साम्राज्य राजप्रासाद संचालित था। जहां जगत राजवंश की अधिष्ठात्री कुलदेवी आदिशक्ति माता इक्कीसो बहिनियां देवठाना (मातागुड़ी) भगवान जगन्नाथ मंदिर आज भी ऐतिहासिक धरोहर के रूप में मंदिर पंडा पुजारियों और ग्रामवासियों के जनसहयोग से संरक्षित हैं। परंतु, राजप्रासाद राजमहल खंडहर भग्नावशेष स्थिति में अस्तित्व खोने के कगार पर है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वीरान और देखरेख के अभाव में राजमहल ध्वस्त हो चुका है तथा ग्रामीणों द्वारा भूमि अतिक्रमण होने के साथ-साथ बाहरी शरारती असामाजिक तत्वों के द्वारा तोड़-फोड़ खुदाई बदस्तूर जारी है।

माता इक्कीसो बहिनियां देवठाना शक्ति उपासकों के धार्मिक आस्था का केंद्र शक्तिपीठ में प्रति वर्ष चैत्र वासंतीय और आश्विन शारदीय दोनों ही नवरात्रियों में जगत वंशज यज्ञमानों बइगा, भूमका, गायता, पंडा पुजारियों द्वारा प्रकृति पूजक गोंडी धर्म संस्कृति रूढ़ीजन्य पूर्वज परम्परानुसार 21 देवीय शक्ति माताओं के नाम मनोकामना अखंड दीप ज्योति प्रज्वलित कर प्रति दिवस माता श्रृंगार पूजा-पाठ आरती का विधान प्रचलित है। नवरात्रि के पवित्र धार्मिक अनुष्ठान तिथि आश्विन शुक्ल नवमीं विजयादशमी दशहरा के पावन दिवस पर मातारानी के दरबार में मुख्य यज्ञमान व संरक्षक अमृतलाल जगत, नोविना जगत, दौलतराम जगत, निरूपा जगत, उत्तम सिंह जगत, पांचोबाई जगत संयोजक एवं सूत्रधारक राजेंद्र सिंह सिदार सिरहा बइगा छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना छत्तीसगढ़ प्रदेश, पंडा पुजारी विदेशीराम यादव, सुदेशीराम यादव के दैवीय शक्तियों के आव्हान मंत्रोच्चार शंख घंट मांगलिक ध्वनि हुलहुली के साथ हवन-यज्ञ विश्व कल्याण शांति पूर्णाहुति, महाआरती पश्चात राजबाड़ा अस्त्र शस्त्र खड्ग तलवारों भाला बरछी धनुष तीर कमानों की पूजा, नवान्न धान की पहली बालियों के भोग चढ़ावा तथा 21 नन्हीं कन्याओं को माताओं की प्रतिरूप मानकर देवी श्रृंगार, शस्त्रों का पूजन पश्चात गोंडवाना पारंपरिक नवाखाई नवान्न भोग प्रसाद समर्पित कर पारम्परिक विजयादशमी पर्व पर नौ दिनों तक देवी व्रत रखने वाले महिला व पुरुष उपासकों ने मनोकामना व्रत का उद्यापन किए।

पूजन पर्व पर प्रमुखता से समाजसेवी गोकुल पारेश्वर, क्षेत्रोलाल सिदार, शंखलाल जगत, सुभाष सिदार, मनोज सिदार, प्रेमसिंह जगत, हेतराम जगत, बिहारीलाल खम्हारी, दुर्योधन बारिक, अक्षय दास, सत्यवान दास, श्याम दास, जीवनलाल चौधरी, सेतकुमार चौधरी, देवभोज यादव, भीष्मदेव यादव, उग्रसेन यादव, सूरज यादव, दिनेश यादव, सुशीला यादव, सुकांति यादव, अंजना यादव, रूक्मिणी चौधरी, गौरी यादव, रजनी यादव, हेमबाई यादव, संगीता यादव, सविता बरिहा, नलिनी वैष्णव,दिव्या जगत, पारूल जगत, सुमित्रा जगत, सुबनी जगत, पीली जगत, कौशिकदास मानिकपुरी, हृषिकेश दीप सहित समस्त बस्तीपाली ग्रामवासियों का प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से विशेष सेवा सहयोग रहा।

नवीन मतदान केंद्रों की स्थापना एवं युक्तियुक्तकरण के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद के अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) प्रक्रिया के तहत जिले में नवीन मतदान केंद्रों की स्थापना एवं मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी, महासमुंद को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

पत्र में उन्होंने महासमुंद जिले के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र खल्लारी के विभिन्न प्रस्तावित स्थानों पर नवीन मतदान केंद्र स्थापित किए जाने के संबंध में प्रस्तुत प्रस्तावों पर नियमानुसार विचार करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों की स्थापना एवं युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों और मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। द्वारिकाधीश यादव ने पत्र के माध्यम से मांग की है कि नवीन मतदान केंद्रों की प्रस्तावित सूची एवं संबंधित दस्तावेजों का परीक्षण किया जाए तथा संबंधित क्षेत्रों में भौगोलिक स्थिति, मतदान केंद्रों की दूरी और भवनों की उपलब्धता जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक निर्णय लिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मतदान केंद्रों का उद्देश्य मतदाताओं को सुगम, सुलभ एवं सुविधाजनक मतदान व्यवस्था उपलब्ध कराना है। वर्तमान मतदान केंद्रों से संबंधित कठिनाइयों को दूर करने तथा प्रत्येक पात्र मतदाता की निर्वाचन प्रक्रिया में प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यकतानुसार नए मतदान केंद्रों की स्थापना पर विचार किया जाना चाहिए।

निर्धारित मानकों के अनुसार परीक्षण कर आवश्यक

पत्र में जिला निर्वाचन अधिकारी से अनुरोध किया गया है कि नवीन मतदान केंद्रों के प्रस्तावों का निर्धारित मानकों के अनुसार परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। साथ ही, संबंधित निर्वाचन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करते हुए प्रस्तावों पर नियमानुसार विचार किया जाए, ताकि मतदाताओं को मतदान के दौरान होने वाली असुविधाओं को कम किया जा सके। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक सुगम, पारदर्शी एवं मतदाता-अनुकूल बनाने के उद्देश्य से प्रस्तुत प्रस्तावों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर नियमानुसार कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

जंवारा विसर्जन में शामिल हुई हुलसी श्रद्धालुओं को किया प्रसाद वितरण



महासमुंद। क्वांर नवरात्रि पर ग्राम बेलसोंडा में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ जंवारा विसर्जन कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर जनपद पंचायत महासमुंद की उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर धार्मिक आयोजनों में शामिल हुईं और विधि-विधान से माता की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

जवारा विसर्जन के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणजनों से आत्मीय मुलाकात की तथा स्वयं श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय रहा और माता के जयकारों से गूंज उठा। बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे एवं ग्रामीणजन धार्मिक उत्साह के साथ विसर्जन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर हुलसी ने कहा कि नवरात्रि केवल धार्मिक पर्व ही नहीं, बल्कि हमारी आस्था, संस्कार और सनातन संस्कृति से जुड़ा पवित्र उत्सव है। माँ दुर्गा की आराधना से हमें शक्ति, साहस और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। उन्होंने माता रानी से प्रार्थना करते हुए कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक परिवार में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली बनी रहे तथा सभी के जीवन में नई ऊर्जा और उमंग का संचार हो। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में सहभागी बनना उनके लिए केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता के साथ जुड़कर उनकी आस्था और भावनाओं का सम्मान करने का माध्यम है। जनसेवा के साथ क्षेत्र की सांस्कृतिक एवं धार्मिक परंपराओं को सहेजना भी हम सभी की जिम्मेदारी है। जंवारा विसर्जन कार्यक्रम में श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणजनों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने माता रानी के जयकारे लगाए और भक्तिभाव के साथ जवारा विसर्जन किया। इस अवसर पर वार्ड पंच शंकर चंद्राकर, संजय चंद्राकर, हितेश चंद्राकर, तेजन चंद्राकर, विपुल चंद्राकर, योगेश चंद्राकर, ज्वाला चंद्राकर, कोविद चंद्राकर, डोमन चंद्राकर, पंकज चंद्राकर, आदी चंद्राकर, सिद्धू चंद्राकर मौजूद रहे।

बड़े नाले के निर्माण में अड़चन से नागरिकों को परेशानी, अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



नगर पालिका परिषद महासमुंद के वार्ड क्रमांक 29 भलेसर रोड में बड़े नाले के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग को लेकर समस्त वार्डवासियों ने अध्यक्ष निखिलकांत साहू को ज्ञापन सौंपा है। वार्डवासियों का कहना है कि नाली की बदबू और जलभराव की समस्या से पूरा वार्ड परेशान है और निर्माण में हो रही देरी से उनमें आक्रोश है।

ज्ञापन में बताया गया है कि नगर पालिका द्वारा वार्डवासियों की सुविधा एवं सुचारू जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बड़े नाले का निर्माण कराया जा रहा है जो क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है और इससे जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। इस निर्माण कार्य के लिए अग्रवाल समाज के भवन एवं आरएसएस समरसता भवन द्वारा जनहित में सहयोग करते हुए लगभग 10 फीट की बाउंड्रीवॉल स्वयं तोड़कर जमीन नगर पालिका को सुपुर्द कर दी गई है जो जनहित का जीवंत उदाहरण है। वार्डवासियों ने मांग की है कि संबंधित अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर आवश्यक जांच एवं नियमानुसार कार्रवाई करने तथा निर्माण में उत्पन्न बाधा को दूर कर कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के लिए निर्देश दिए जाएं।

जनहित के कार्य में आगे आकर करें सहयोगः अध्यक्ष

इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि जनहित और नगरहित में सभी को आगे आकर सहयोग करना चाहिए। अग्रवाल समाज और आरएसएस समरसता भवन का सहयोग सराहनीय है, जिन्होंने अपनी लगानी भूमि नाली निर्माण के लिए दी है।

गिद्धवा परसदा वेटलैंड इस बार भी रामसर साइट में शामिल नहीं हो सकाः पाणिग्रही

चंडीगढ़ का सुखना वेटलैंड एवं मैनपुरी उत्तरप्रदेश के सोज झील को मिली मान्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

दुर्ग वन मंडल एवं बेमेतरा जिला स्थित गिद्धवा परसदा वेटलैंड कांप्लेक्स इस बार भी अंतरराष्ट्रीय रामसर साइट में शामिल होने से वंचित रह गया। 15 अक्टूबर 2026 को घोषित सूची में चंडीगढ़ का सुखना वेटलैंड तथा उत्तरप्रदेश के मैनपुरी जिला स्थित सोज झील को रामसर साइट में शामिल किया गया है।

गिद्धवा परसदा को रामसर साइट की मान्यता के लिए सतत प्रयास करने वाले पर्यावरण प्रेमी एवं जिला वेटलैंड संरक्षण समिति सदस्य डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने कहा कि छत्तीसगढ़ का एक मात्र पक्षी अभयारण्य गिद्धवा परसदा वेटलैंड कांप्लेक्स अंतरराष्ट्रीय रामसर साइट में मान्यता प्राप्त करने के मापदंडों के अनुसार पूर्ण पात्र है। जिसके लिए पर्यावरण प्रेमियों, पक्षी विशेषज्ञों एवं नागरिक एवं वेटलैंड के आसपास ग्रामवासी निरंतर मांग करते आ रहे हैं। ग्राम वासियों का वेटलैंड एवं पक्षियों की रक्षा के प्रति समर्पण उनके द्वारा लगाए जाने वाले उस नारे से सार्थक होता है। गिद्धवा परसदा में वर्ष 2021 से हर वर्ष 2 फरवरी को पक्षी उत्सव भी मनाया जाता है।



गौरतलब है कि 16 सितंबर 2025 को छत्तीसगढ़ वेटलैंड प्राधिकरण की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने प्रदेश के 6 वेटलैंड को प्राथमिकता से अंतरराष्ट्रीय रामसर साइट हेतु चिह्नित करने कहा था। उसमें से बिलासपुर के कोपरा वेटलैंड को 2025 में रामसर साइट में शामिल कर लिया गया है। अब प्राथमिकता के आधार पर गिद्धवा परसदा वेटलैंड कांप्लेक्स, कुरंडी वेटलैंड, गंगरेल वेटलैंड, निमगांव वेटलैंड, मांडर वेटलैंड को चिह्नित किया जाना है। जिसमें प्राथमिकता क्रम में गिद्धवा परसदा वेटलैंड कॉम्प्लेक्स है। रामसर साइट की टेंटेटिव लिस्ट में शामिल हुआ या नहीं इसकी पुष्ट जानकारी नहीं मिल रही है।

अगली बार गिद्धवा परसदा वेटलैंड कॉम्प्लेक्स रामसर साइट में शामिल हो इस बाबत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप को एक्स पोस्ट भेजकर अनुरोध किया है।

कुसमी में शरद पूर्णिमा उत्सव आज, रामलीला मंचन और औषधीय प्रसाद वितरण का होगा आयोजन

नर्रा। बागबाहरा विकासखंड के ग्राम कुसमी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा उत्सव एवं मेला का आयोजन 25 अक्टूबर (रविवार) को बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया जाएगा। आयोजक समिति के सदस्यों ने बताया कि ग्राम कुसमी में शरद पूर्णिमा मनाने की यह परंपरा स्वतंत्रता-पूर्व 100 वर्षों से अधिक समय से अनवरत चली आ रही है। इस ऐतिहासिक अवसर पर गांव में रामलीला का मंचन किया जाएगा, जिसके उपरांत बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक रूप में रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। शरद पूर्णिमा पर रात्रि 12 बजे के बाद श्रद्धालुओं एवं दर्शकों के लिए विशेष औषधीय गुणों से युक्त प्रसादी का वितरण किया जाएगा। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से अत्यंत लाभकारी माने जाने वाले इस प्रसाद को ग्रहण करने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। ग्रामीणों एवं आसपास के क्षेत्रवासियों के मनोरंजन तथा लोक संस्कृति के संरक्षण के लिए भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इसमें श्जय मां शारदा छत्तीसगढ़ी नाच पार्टीश (कुसमी) तथा श्साल्हे भांठा मया के बंधना नाच पार्टीश (मोहदा) द्वारा छत्तीसगढ़ी 'नाचा गम्मत' की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी नागरिकों, ग्रामीणों एवं कला-अनुरागियों से विनम्र अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर औषधि रूपी प्रसाद ग्रहण करें तथा धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर आयोजन को सफल बनाएं।

सलिहाभाठा स्कूल में पालक सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन

विद्यालय परिसर में अमड़ा और चालटा का फलदार पौधों का किया गया रोपण, बच्चों ने भी भेंट किए स्मृति चिन्ह

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्राथमिक विद्यालय सलिहाभांठा में पालक सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद स्कूल पटेवा के पूर्व प्राचार्य, शिक्षाविद एससी प्रधान का सम्मान पालकों एवं प्रबंधन समिति द्वारा किया गया। वहीं शाला के बच्चों द्वारा उनको स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया।

इस क्षण को यादगार बनाने के लिए प्रधान द्वारा विद्यालय में अमड़ा और चालटा का फलदार पौधा लगाया गया। इस अवसर पर प्रधान ने कहा कि बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि सीखने के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रश्न करे। इस प्रश्न को खोजने के लिए जी जान लगा दें और अपने आसपास से, लोगों से उत्तर खोजने का प्रयास करें। उन्होंने सलिहाभांठा के पालकों खासकर माता पालकों की खूब सराहना की। मंच संचालन इको क्लब की सांस्कृतिक मंत्री प्रियंका ने किया। इको क्लब के प्रधानमंत्री हिमांशी, उपप्रधानमंत्री मीरा, सचिव वेनुष ने स्कूल में चल रहे गतिविधियों से परिचित कराया और पालकों से भी भविष्य के लिए सुझाव, मार्गदर्शन मांगे। प्रधानपाठक योगेश निर्मलकर ने बताया कि उनके प्रोत्साहन से बच्चों के मंच संचालन या अभिव्यक्ति के लिए आगे आने की क्षमताओं में वृद्धि हुई है। तिलक साहू, भुवन साहू ने प्रधान को शुभकामनाएं प्रदान किए।



इस अवसर पर एससी प्रधान द्वारा स्कूल को गोद लेने की बात कही और लगातार इस स्कूल से जुड़े रहने तथा बेहतर कार्ययोजना के साथ सीखने को और सशक्त करने मिलकर काम करने की इच्छा व्यक्त किए। बच्चों ने उनके अध्ययन काल और सेवाकाल से संबंधित प्रश्न पूछकर अपना जिज्ञासा शांत किए। कार्यक्रम में शिक्षक रामेश्वर ढीढी, तिलक साहू, त्रिलोकी साहू का विशेष योगदान रहा।

इस मौके पर सरस्वती शिशु मंदिर तुमगांव के प्रधानाचार्य देवेंद्र निर्मलकर, प्रबंधन समिति अध्यक्ष पिरीत राम साहू, विधायक प्रतिनिधि भुवन साहू, देवकी सिन्हा, टिकेश्वरी दीवान, बीना यादव, भुनेश्वरी सिन्हा, लक्ष्मी दीवान, वंदना ध्रुव, हीराबाई साहू, जिज्ञासा साहू, कचरी बरिहा, सेतबाई दीवान, गोदावरी दीवान, नीरा दीवान, दौलत राम दीवान, दल्लूराम यादव, भोजराम साहू, तिलक यादव, यादराम साहू, गुलाब ध्रुव, भुनेश्वर साहू, हुलश सिन्हा सहित बच्चों के पालक, ग्रामीण उपस्थित थे।

